SHRI M. P. BHARGAVA : Sir, from the statement of the hon. Minister . . ,

श्री राजनारायण : श्रीमन्, मैं अदब के साथ अर्ज करना चाहता हूं जैसा कि भार्गव जी ने कहा था, उसी तरह से मैंने भी कहा था कि गोंडा तथा छाता, जिला मथुरा के कालिंग अटेंशन की जानकारी हम को भी है और इस के लिये हम ने 6 बार नोटिस दिया है । तो हमारी जानकारी माननीय सदस्य चाहेंगे और यदि पहले जान लेंगे तो अच्छा होगा । अगर भार्गव जी को जानकारी हो तो मुझे कुछ नहीं कहना है क्योंकि आप पहले ही सुन चुके हैं कि गोंडा में श्री रामसेवक यादव गये, कलक्टर से मिले और. . .

MR. CHAIRMAN : I shall give you an opportunity.

श्री राजनारायण : अपार्चुनिटी तो आप मुझ को देंगे ही।

SHRI M. P. BHARGAVA : I am prepared to concede to Mr. Rajnarain.

श्री राजनारायण : तो अब यह पुरानी प्रथा के मुताबिक नहीं चल रहा है। हमारा प्रश्न यह है कि गोंडा में पुलिस का कथित अत्याचार नहीं, ठीक ठीक अत्याचार है। श्रीमन्, यह 30 मई को गोंडा में जबरदस्त उपद्रव हुआ। हथियागढ़ एक गांव है। वहां पर जो फारेस्टर होते हैं जंगल विभाग के वह किसानों से पांच, पांच सेर हर फसल पर गल्ला जबरदस्ती लेते हैं। कुछ किसान दे देते हैं, कुछ किसान नहीं देते हैं। तो वहां का फारेस्टर, जो जंगल गार्ड था वह एक किसान के पास गया। उस से जबरदस्ती गल्ला मांगने लगा। उस ने कहा कि हमारे पास गल्ला नहीं है। हम गल्ला नहीं देंगे। तो उस मामले को ले कर एक सत्यनारायण जी शुक्ल हैं, जो जंगल विभाग की ओर से गये थे, उन से झगड़ा हुआ। तो इस की रपट सत्यनारायण शुक्ल ने और रमई ने, जिस के ऊपर कि सारी आफत आयी है, इन दोनों ने थाने में लिखायी। आज तक मैं समझता हूं कि आज भी घर मंत्री के पास इस की जानकारी नहीं करायी गयी होगी कि सत्यनारायण शुक्ल और रमई ने, दोनों ने थाने में पहले ही रपट लिखा दी थी कि झगड़ा हुआ।

अब इस के बाद 30-5-68 को सत्यनारायण शुक्ल, वन रक्षक जगदीश और सादुल्ला नगर थाने के दो सिपाही रमई, उस की औरत रूपकली और उस के बेटे राम कुमार को बुरी तरह से पीटे। इन सब ने हल्ला मचाया। जब हल्ला मचा तो गांव के बहुत से लोग आ गये और जब गांव के बहुत से लोग आ गये तो सिपाही भागे। उन में से एक को रमई की औरत रूपकली ने पकड़ लिया। ऐसा लगता है कि वह औरत ताकतवर है। उन्होंने उस को पकड़ कर रख लिया। और लोग भाग कर थाने पर गये। तो थाने पर खबर की कि एक रक्षक वहां पकड़ कर गांव में बंद कर दिया गया है जब कि ये लोग खुद थाने पर गये और कहा कि साहब, यह आदमी इस इस तरह से अत्याचार कर रहा है, हम लोगों के घर में घुसा हुआ है, जबरदस्ती से गल्ला निकाल रहा है, चल कर उसको पकड़ कर आप ले आइये। तो रमई की तरफ के लोग थाने पर रपट करने जाते हैं कि एक रक्षक गांव में बंद किया गया है, उस को ले आइये। इस के पूर्व ही पुलिस, हथियारबंद पुलिस गांव में आ जाती है और गांव में आ कर के बुरी तरह से प्रहार करती है गांव के लोगों पर और पकड़ कर ले जाती है विशेषकर उस औरत को और उस के बेटे को, उस के भतीजे को और ले जा कर थाने में बंद करती है। रात भर उन को खाना नहीं दिया जाता है। सुबह औरत नंगी की जाती है, लड़का नंगा किया जाता है, भतीजा नंगा किया जाता है और पुलिस के अधिकारियों के दिमाग में यह बात आयी कि चूंकि इसी औरत ने एक रक्षक को पकड़ कर बंद किया था इसलिय इस औरत को विशेष परेशान किया जाय। उस के निजी बेटे को, उस के लड़के को अपनी मां के साथ व्यभिचार करने के लिये वहां की पुलिस जबरदस्ती करती है। गिरा देती है, कहती है कि चढ़ो, इस पर, चढ़ो इस पर। जब वह मां अपनी गुप्तइंद्रियों को अपने हाथ से ढंकती है तो उस का हाथ हटा दिया जाता है, उस के हाथ पर डंडा मारा जाता है। इस के बाद फिर नंगा कर के थाने से बस स्टेशन तक तमाम बाजार की सड़क पर होते हुए (घुमाया जाता है) सभी बाजार के लोग देखें हैं। ऐसी बात नहीं है कि एक दो आदमी देखे हों। बस स्टेशन पर ले जाते हैं। लोग लेजाते हुए देखते हैं। आखिर जब अन्याय होता है तो कुछ देर लगती है लोगों को इस दिमाग के बनाने में कि इस का मुकाबला किया जाय। तो धीरे धीरे वहां पर कुछ सोशलिस्ट पार्टी के लोग, कुछ कम्युनिस्ट पार्टी के लोग पहुंचते हैं। जो लोग पहुंचे हैं उन में से एक सादुल्लानगर के प्रधान हैं हाशम साहब और संसोपा के मंत्री थे, अब्दुल अजीज साहब थे। इन लोगों ने पुलिस को कहा जो कि इन को नंगा

कर के ले जा रही थी, गाली देते हुए, मारते हुए। उन के इस कुकर्म को खड़े हो कर रोकने की तैयारी के साथ जब ये लोग खड़े हुए तो जनता में तनाव आया और जनता को जुटते देखा तो पुलिस के लोग फिर भागे। फिर जनता ने औरत को कपड़ा दिया, लड़के को कपड़ा पहनाया। यह सच है। श्री रामसेवक यादव, जनरल सेक्रेटरी, संसोपा जो लोक सभा के सम्मानित सदस्य 1952, 57, 62 और 67 में हो कर आये हैं उन्होंने इस की जांच की, संसोपा के राज्य मंत्री को पीछे जा कर घटनास्थल की पूरी रपट दो, उन्होंने जांच की। श्री एस० एम० जोशी, संसोपा के चेयरमैन ने श्रीमती इंदिरा नेहरू गांधी को पत्र लिखा। जिस का हो सका दरवाजा खड़खड़ाया और वहीं पर 11-7-68 को एक जबरदस्त प्रदर्शन हुआ है जनता का रोष प्रकट करने के लिये। इन तमाम घटनाओं के बावजूद भी पुलिस जबरदस्ती लोगों को पकड़ पकड़ कर थाने में ले जा रही है, झूठे मुकदमे बना रही है और अनेकों प्रकार के दमनचक्र आज भी वहां थाने की पुलिस जनता के ऊपर चलाये जा रही है। तो मेरा निवेदन है कि सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की। यह घटना कोई मामूली घटना नहीं है। क्योंकि :

> अति सत्य है प्रिय नारियां जिस देश में विपदास हैं,
>
> बस शीघ्र ही वह नष्ट होगा वाक्य ऐसा बुध कहें।

जिस समाज में और खास कर भारतीय समाज में यदि महिलाओं का अनादर होता है और जब जब महिलाओं का अनादर हुआ है तो भारतीय समाज नष्ट हुआ है। एक गरीब घर की औरत को नंगा किया जाय और उस के निजी बेटे को कहा जाय कि तुम इस के साथ व्यभिचार करो, यह कोई मामूली घटना नहीं है। इस घटना के रहते हुए घर मंत्री हम को रपट देते रहते ह इतने दिनों के बाद, मैं समझता हूं कि यह बहुत गंभीर घटना है और साथ ही साथ सम्मानित सदस्यों को इस ओर गंभीर रुख लेना चाहिये, सरकार को गंभीर रुख लेना चाहिये वरना हमारा देश कहां जायगा। इस को न आप बचा पायेंगे और न सरकार बचा पायेगी।

श्री विद्या चरण शुक्ल : सभापति महोदय, मैं ने अपने मूल वक्तव्य में इस के बारे में काफी विस्तारपूर्वक कहा कि किस तरह से यह घटना हुई। उस के साथ साथ मं आप के ध्यान में लाना चाहता हूं कि जो यह दुर्घटना हुई यह हुई 30 मई को और 11 जुलाई को रामसेवक जी यादव ने इस के बारे में बात उठाना शुरू की यहां, वहां, और मैं पहले ही कह चुका हूं कि जब इस तरह का...

श्री राजनारायण : 11 जुलाई को प्रदर्शन था।

श्री विद्या चरण शुक्ल : जब इस तरह के हादसे की रिपोर्ट मिली उस के बाद ही उस जिले के एस०पी० स्वयं गांव में गये दूसरे अधिकारियों को ले कर। गांव में बात चीत की। तो किसी गांव वाले ने यह बात नहीं कही कि किसी आदमी को नंगा किया गया किसी ने अपने मुंह से यह बात नहीं निकाली। इस तरह की बात यहां पर पहली बार हम को सुनने को मिली। यह रिपोर्ट अखबारों में छपी होगी या किसी और ने आरोप लगाया होगा, परन्तु जहां तक गांव वालों का सवाल है, गांव वालों ने एस०पी० से यह बात नहीं कही। जो वहां इंक्वायरी करने गये थे उन के साथ दूसरे अधिकारी भी थे। उन्होंने दुबारा फिर पूछा कि ऐसी कोई बात हुई तो बताइये कि किस ने देखा। लेकिन न इस बारे में किसी ने बताया, न किसी ने आरोप लगाया। और मैंने अपने मूल वक्तव्य में कहा कि यदि इस तरह की कोई बात हमारी आंखों में आती मैं मानता हूं कि यह तो बहुत बड़ी बात है, अगर कोई छोटी बात भी होती है हम उसे गंभीर मानते और इस पर बहुत सख्त से सख्त कार्यवाही की जाती।

1 P.M. इसमें कोई शक नहीं है कि यदि कोई ऐसी बात हो या इससे भी कोई कम बात हो

[श्री विद्या चरण शुक्ल]

तो सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिये। पर जब ऐसी बात हुई नहीं, वहां के गांव वाले स्वयं ऐसी बात नहीं कहते तो मैं माननीय सदस्य की बात कैसे मान लूं।

(*Interruption*)

श्री राजनारायण : श्रीमन्, एक प्वाइंट आफ इन्फर्मेशन है। मैं आज भी यह कहने के लिये तैयार हूं कि मंत्री जी ने जो यहां पर बात बहुत ही अधिकारपूर्ण ढंग से और घमंड के साथ कही वह उसी रपट पर आधारित है। देखिये, हम लोगों को जब यह खबर मिली तो हम लोगों को यह यकीन नहीं हुआ कि ऐसी बात इस युग में भी हो सकती है। इसलिये हमने इतनी एहतियात की कि हमने अपने राज्य मंत्री को वहां भेजा। श्री राम सेवक यादव खुद वहां गये। जिस एस० पी० के बारे में बताया जाता है वह वास्तव में उस गांव में गया ही नहीं। जिस एस०पी० के बारे में कहा जाता है कि उसको जांच करने के लिये भेजा गया वह जब थाने पर पहुंचा तो थाने वालों ने उसको बीच में ही रोक लिया। उन्होंने सोचा कि अगर वह वहां जायगा तो हल्ला होगा और गांव के देशभक्त लोग यह कहेंगे कि हां, हुआ, हुआ, हुआ और फिर एस०पी० कैसे छिपायेगा। इसलिये वहां घटनास्थल पर बिना गये ही एस०पी० ने एक झूठी और गलत रपट दे दी।

श्री विद्या चरण शुक्ल : सभापति महोदय, म पहले ही यह साफ कह चुका हूं कि यह रिपोर्ट अधिकृत रूप से हम को उत्तर प्रदेश की सरकार ने दी है . . .

श्री राजनारायण : जिम्मेदारी तो केन्द्र की है।

श्री विद्या चरण शुक्ल : मैं यह पहले ही कह चुका हूं कि उसकी जिम्मेदारी हमारी है और हम माननीय सदन के सामने जवाब देह हैं इसके बारे में कोई शक नहीं है। पर जो रिपोर्ट हमारे पास आई है उसको उन्होंने पूरी तरह से जांच पड़ताल कर के अधिकृत रूप से हमारे पास भेजा है और हम यहां अधिकृत रूप से बयान दे रहे हैं। उसमें गर्व का कोई सवाल नहीं है।

SHRI M. P. BHARGAVA : May I know from tbe hon. Minister whether the report received says that the SP who went to conduct an enquiry contacted the women in question and whether her statement is availabli with the police? If that statement is not available, I would request the hon. Home Minister to depute some independent officer to hold an enquiry on the spot there. _

SHRI VIDHYA CHARAN SHUKLA : Sir, I have already indicated that when the SP and the other officer went there, none, including that woman, told them anything. This is the report that we have got.

SHRI M. P. BHARGAVA : Was that woman contacted?

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA : This has not been specifically mentioned but 'nobody' would include that woman also, who is a resident of the village. If that woman was contacted and if she had alleged this, then they would have said so. Nobody complained that this had happened. So. we could only presume that when the official report says so, no-
I body in the village, who was questioned or was heard, asked about this matter or alleged any such thing. *{Interruption)* Then, we cannot say that the woman
! could have said that but the police had
j avoided her.

SHRI ARJUN ARORA (Uttar Pradesh): He has not replied to Mr. Bhaigava's I question. Mr. Bhaigava's question was I whether that ladv was contacted? The Minister has not stated that she was contacted or vvas not contacted. He has only given a genreal analysis and the dictionary meaning of the word "nobody".

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA : I have already said that we do not have information as to whether that particular ; woman was specifically contacted, but when I said that nobody has made the allegation, then I presume that even that lady, about whom these allegations have been made, did not make any such allegation. This is what I have said.

SHRI Z. A. AHMAD : Now, Sir, it seems there is a sericus difference on fact?. On the one hand, there is the report of the Police Superintendent, whose sub-ordiiates were embolded by this incident and against whom there ?re serious charges. He is supposed to be the senior police officei who controls his subordinates and the enquiry is entrusted to him. He goes to the village, which has been terrorised. T use the word 'terrorised' because the villagers have been beaten up. Women and men have been dragged to the police station and there the allegation is that they have been made naked, insulted and all the decencies of a civilised life have been offended. New, in view of these ssrious charges, it is a matter of surprise that the very Pclice Supreintendent, against whose subordinates and against whom indirectly—because he is r;sponsible ultimately for law and order there— there are such serious allegations, is sent there to make an enquiry. On the basis of the report of that Superintendent of Police the Government comes to a decision that nothing has happened. On the one side is the version of the Superintendent of Police and on the other is the version of hon. Members of this House and that House. You have to weigh it in the scale. You have to put this on one side and that on the other side and then come to a decision. I should have thought that, in view of the fact that Members of Parliament and responsible political representatives of parties have made such serious allegations on the police, the report of that particular police officer would be given no credence. An independent authority, an independent person should be appointed to go into it. Either these people are telling a falsehood or the police men are telling a falsehood. There are serious differences on facts. Therefore, an independent authority should be set up in order to go into the charges made against the police and the contention of the hon. Members. That is my submission. It is a very fit case for an independent authority or a senior official, who need not be a police officer, or for a Judge to go theie and hold an independent enquiry. The villagers should be given due protection. They should be assured that ihey will not be victimised in case they say anything against the police or in case they give out the facts as they were. Therefore, I submit that the hon. Minister should immediately accept this proposal for holding an enquiry by an independent authority.

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA : I have already indicated the sequence of even's as they took place in my main statement. A forest guard was illegally detained by certain villagers. Then two constables were sent to rescue the forest guard. Then, the people who had been detaining the forest guard attacked those two constables, snatched thier muskets, took away their cartridges and detained one of the constables. The other con stable ran away from there. He went and reported the matter. The police force came and then it rescued the police cons table who was detained there. All these things happened. I do not know whether it is correct to say that the police were terrorising the vil lagers. Regarding this matter a serious allegation has been made and we shall consider what best can be done about

श्री पीताम्बर दास (उत्तर प्रदेश) : मैं कुछ बातें पूछना चाहता हूं । हमारी भी यह जानकारी है कि जहां तक उस औरत और उस के लड़के का किस्सा है वह ठीक है । मैं यह पूछना चाहता हूं कि अगर यह बात थोड़ी देर के लिये मान भी ली जाय कि पुलिस के कांस्टेबिल को गांव वालों ने घेर लिया तो क्या उसकी सजा यह है कि पुलिस जा कर सारे गांव में आतंक का तहलका मचा दे और बिल्कुल ऐसी स्थिति ला दे कि मानो इस देश के अन्दर लॉ ऐंड आर्डर ही नहीं है । जब यह सब कुछ हुआ है तो इसकी इन्क्वायरी क्यों नहीं करा ली जाती ? यह मैं जानना चाहता हूं ?

श्री विद्या चरण शुक्ल : यह बहुत साफ बात है कि किसी भी तरह से इस तरह की चीजों का औचित्य नहीं बताया जा सकता । यह ठीक बात नहीं है कि ऐसी बात की जाय । ऐसी बात हुई है या नहीं, इसका पता लगाने का सवाल है । मैंने कहा है कि इसके बारे में हम इन्क्वायरी कर रहे हैं । जहां तक इस स्त्री का सवाल है, इसके बारे में हम लोगों को सूचना नहीं है कि उस स्त्री से पूछा गया या नहीं पूछा गया ।

SHRI A. P. CHATTERJEE : From my own personal experience *of* what the police officers have been doing in certain Thanas of West Bengal. I am prone to believe the truth of the statements which

[Shri A. P. Chatterjee]

"ave fallen from Mr. Rajnarain. Apart 'rom that, my belief or disbelief does not matter, may not matter much for the hon. Minister, but what I am putting to the hon. Minister is a simple question. It is this, that some allegations are made against the police and the Superintendent of Police goes to make an enquiry. That itself is ridiculous and laughable. Even that may be pardonable provided as happens in all cases of enquiries in respect of cognisable offences—certainly it is a cognisable offence to make a woman parade naked, stripped of her clothes, it is a cognisable offence—in all enquiries in regard io cognisable offences the police officers are under an obligation under the law—I am quoting the law—to make enquiries and make written records of what they learn from the villagers. I am putting this question to the hon. Minister whether such a written record of statements obtained from the villagers is there or not. In this connection I may also ask hirn; was any attempt made by the Superintendent of Police to get written statements from the villagers? Were they obtained or not? Was any attempt to get such written statements made or not?

In this connection, Mr. Chairman, I am making this point once again that it is no use making a roving oral enquiry. The enquiry in such cases of serious allegations must be an enquiry in writting, and whether that written enquiry has been made or not, that must be first of all made known to us. That is one thing.

Secondly, the hon. Minister just now said that in view of the seriousness of the allegation he will take further steps. Dr. Ahmad has said that an officer who must not be a police officer should be sent to make an enquiry. I am putting this to the hon. Minister that if he actually accepts the suggestion—and I think that he is a little prone to accepting the suggestion, from what has fallen from his lips just now—in view of the seriousness of the allegations he will think over the matter and see to it that this officer, when he goes for enquiring into the village, will be accompanied by certain independent citizens so that the real fact may come out. This is the second thing which I am putting to the hon. Minister.

The third and the last thing which I am putting to the hon. Minister through you Mr. Chairman, is this that as Mr. Bhargava has said, and at the risk of repetition I will say, we want a statement in writing from the lady in question. That must be procured by the hon- Minister from that lady, and that statement of the lady must be taken by a responsible officer in the presence of independent citizens.

These are the three qustions which I am putting to tbe hon. Minister.

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA : As far as the recording of statements is concerned, the statements were recorded by the Deputy S.P. who went along to the village. *(Interruption.)* They must be available with the State Government. The statements were recorded on 2nd August. As far as the question of citizens accompanying and statement by the woman is concerned, I have already said that I shall give most serious consideration to the suggestion made by the hon. Member and take a decision quickly as to what to do about this matter.

SHRI M. P. BHARGAVA : May I make a submission? The report on the enquiry should be reported to this House.

SHRI A. P. CHATTERJEE : I agree with Mr. Bhargava that it should be reported to this House.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL (Gujarat) : The question was raised on the 14th. Why has he not called for the information ? That should be available today. Was he sleeping all this time? This is a very serious matter. It should shock all decent society that such an atrocity could be committed.

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA : 1 I have given all information that is ne-! cessary.

श्री जगत नारायण (हरियाणा) : सभापति महोदय, बिलकुल इस तरह का वाक्या तो नहीं इससे मिलता-जुलता वाक्या डा० भार्गव की वजारत में हुआ था, वहां पर मां और बेटे को खड़ा नहीं किया गया था, वहां पर इस तरह का वाक्या हुआ कि सारे गांव को पकड़ लिया गया, 6 आदमियों को नंगा कर दिया, 6 औरतों को नंगा कर लिया और उनसे कहा कि यह कुकर्म करो। उस वक्त जब यह सवाल उठाया गया पंजाब में तो बिलकुल आज की तरह होम मिनिस्टर ने जवाब दिया था। मैं बड़े अदब के साथ अर्ज करूंगा कि मैं यह समझता हूं कि यह

मामला ऐसा नहीं कि आप इसको इस तरह हल करने की कोशिश करें। वहां किस तरह से हल किया गया ? जब सवाल उठाया गया तो भार्गव साहब ने कहा और ऐसा किया गया कि 5 एम०एल०एज० की ड्यूटी लगाई गई थी और वहां के तमाम पुलिस आफीसर्स को तब्दील किया गया और इन 5 एम०एल०एज० को कहा गया कि आप जाकर अपनी खुफिया रिपोर्ट दो कि वाकई ऐसा वाक्या हुआ है। तो मैं बड़े अदब से वजीर साहब को कहूंगा कि अपने 5–7 एम०पीज० को भेजें और तमाम पुलिस के आफीसर्स को बदल दें, तब पोजीशन मालूम होगी। क्या वजीर साहब इस सुझाव को मानने को तैयार हैं ?

श्री विद्या चरण शुक्ल : मैंने कहा कि जो भी माननीय सदस्य कोई सुझाव देते हैं उसके ऊपर हम जरूर सोच-विचार करते हैं। यह जो चीज कही है, यह मानेंगे या नहीं इसके बारे में मैं अभी से कुछ नहीं कह सकता।

SHRI ARJUN ARORA : The Minister appears to be firm in denying what Mr. Rajuarain and Mr. Ram Sewak Yadhav have said as having happened. There are two things about it. It is not Mr. Raj-narain alone who has said that in the House. Certain newspapers have taken courage to publish the whole story. If the Minister is firm in what he says and if he firmly believes that what he has told is correct, will he advise the Government of U. P. to proscute those newspapers which have published this story? Then the newspapers will, in the court of law in thier own defence, have the opportunity to establish the truth of what they have published. It is a serious matter because what is said to have happened has not happened in a city; it has not even happened in a village; it has happened in a forest area. Forest areas are inhabited by the most backward people of our society. But it is our duty to protect them. If they do not come forward and make a Statment, even then the prosecution of these newspapers will give the courts an opportunity to go into the allegations. What has been published in two newspapers which I have received, even a Hindi paper, cannot be dismissed merely because the Superintendent of Police has reported in a particular manner.

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA : I have reported to this hon. House the information which has been conveyed to us by the Government of U.P. I have not either confirmed or denied any of the allegations here. I have only said when the S. P. went to enquire about the allegations with another officer, no such complaints were made to him. And when he wanted to further find out if there were any eye-witnesses, nobody came forward to say all those things. I have also said here that in view of the seriousness of the allegation and the concern expressed by hon. Members we shall further think what further steps we shall take about it. All the suggestions which the hon. Members were making we shall take into consideration.

श्री राजनारायण : एक सवाल है। मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश संसोपा के राज्य मंत्री श्री रामनरेश कुशवाहा ने अपनी जांच की रपट लिखित साइक्लोस्टाइल कराकर तमाम सरकारी, गैर-सरकारी, पोलीटिकल पार्टीज सब के पास भेजी, उसकी एक कापी क्या सरकार के पास आई ? उसका एक खास पोर्शन में आपकी इजाजत से पढ़ देना चाहता हूं :—

"दिनांक 30–5–68 को श्री सत्यनारायण शुक्ल ने वन रक्षक जगदीश तथा सादुल्ला नगर थाने के दो सिपाहियों के साथ रमई, उसकी औरत रूपकला और बेटे रामकुमार के हल्ला मचाने पर उनको भी मारा। पुलिस एवं वन विभाग के कर्मचारियों के ज्यादती करने पर गांव वालों ने जब घेरा तो उनको भी मारा गया तथा रमई के छप्पर में आग लगायी गयी। छप्पर फूंकने में जगदीश का हाथ भी जल गया था। यह अन्याय और अत्याचार गांव वालों से न सहा गया और उन्होंने जवाब में शक्ति प्रयोग किया तथा एक सिपाही को पकड़ कर बांध लिया, शेष भाग गये।. . ."

"रमई का दामाद उपर्युक्त घटना की लिखित रिपोर्ट ले कर थाने गया लेकिन उसके पहले ही थाने के इंचार्ज एवं अफसर दोयम तथा

[श्री राजनारायण]

मनकापुर के दरोगा दल बल के साथ ट्रक पर बैठ कर हथियागढ़ पहुंचे ।"

कई थाने के लोग हैं ।

"इन लोगों ने गांव वालों पर हमला बोल दिया । जो सामने आ गया उसे मारा तथा टोले में आबाद सभी घरों को लूट लिया, यहां तक कि अन्न, बासन और वसन भी नहीं छोड़ा । इसके पश्चात रमई, रूपकला, राम कुमार तथा कुछ अन्य व्यक्तियों को थाने पकड़ ले गये । वहां रात भर उन्हें बिना खाना पानी रख कर पीटा गया । और रामकुमार को नंगा कर के उसकी नंगी मां रूपकला पर व्यभिचार करने के लिये बढ़ाया गया । मां ने जब दोनों हाथ से अपनी लाज बचानी चाही तो उसके हाथों पर चोट पहुंचाई गई । सुबह दोनों नंगे मां-बेटे को थाना से बस स्टेशन तक नग्न प्रदर्शन कराया गया । ग्राम सादुल्ला नगर के प्रधान श्री हाशमी साहब और संसोपा के मंत्री श्री अब्दुल अजीज के रोष व्यक्त करने एवं हस्तक्षेप करने पर नंगे मां बेटे को वस्त्र दिया गया ।

उपर्युक्त घटना पर अपना क्षोभ और रोष प्रकट करने के लिये 11-7-68 को स्थानीय अधिकारियों के समक्ष जनता ने जन-प्रदर्शन किया ।"

MR. CHAIRMAN : You have stated that already.

श्री राजनारायण : जरा सुनिये । इस घटना में जो फैक्ट है वह क्या है । आगे देखिये ।

"इस थाना में घटी घटना से सम्बन्धित थाने के कुछ कर्मचारियों का स्थानान्तरण तो हुआ है लेकिन फारेस्ट गार्ड एवं रक्षक तथा गिरि नामक सिपाही अब भी अपनी जगह पर विद्यमान हैं ।"

मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार को यह खबर क्यों नहीं दी गई कि वहां जनता के क्षोभ को बचाने के लिये कुछ लोगों को वहां से ट्रांसफर भी कर दिया गया है, जिस एक शब्द को अभी तक हमारे मंत्री जी अपनी रपट में यहां नहीं पढ़ा है । आगे देखिये ।

"उपर्युक्त घटना पर पर्दा डालने के लिये हथियागढ़ के कुछ व्यक्तियों को तत्काल जेल भेज दिया गया जिनमें से अधिकांश अब भी जेल में हैं । शेष ग्रामवासी पुलिस के आतंक के कारण गांव छोड़ कर भागे हुये हैं ।

पुलिस के मार पीट के फलस्वरूप गहरे भर की मृत्यु हो गई । . . .

इसमें एक आदमी मर भी गया ।

. . .और रमई की 12 वर्षीय पुत्री छोटकनी आज तक लापता है ।"

यह सारी की सारी घटना लिखित रूप में श्री रामनरेश कुशवाहा ने दी है । मैं आश्चर्यचकित हूं कि हमारे केन्द्र के मंत्री महोदय के पास आज तक यह खबर क्यों नहीं आई, क्यों नहीं पहुंची और अगर पहुंची तो इसकी रोशनी में सरकार ने अब तक जांच क्यों नहीं करवाई ?

श्री विद्या चरण शुक्ल : जो सूचना मेरे पास आई है वह माननीय सदन को मैंने दी है और यह जो एक अखबार पढ़ रहे हैं, यह उनकी सूचना हो सकती है ।

श्री जेड० ए० अहमद : आपके पास सूचना नहीं आई । क्या अखबार की सूचना का कोई महत्व नहीं ?

श्री राजनारायण : शुक्ल जी, जरा जिम्मेदारी के साथ जवाब दीजिये ।

MR. CHAIRMAN : I shall now take up the third point. Do you want to say something, Mr. Bhargava ?

SHRI DAHYABHAI V. PATEL : May I request you to ask the Home Minister to give us a proper reply to this? We will be adjourning in about a fortnight. Before the House adjourns the Home Minister should make enquiries independently and give us a proper report. This is a thing that will shock all human

decent society. I am surprised that the Home Minister is sitting calmly and answering as the British administration used to do in the days before freedom.

SHRI M. P. BHARGAVA : May I know from the hon'ble Minister whether the Sub-Divisional Magistrate in his report has given any reason why he found the two women and the girl badly beaten? What was the cause?

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA : Sir, this is regarding the third incident in the Chhata village. The report that has been given to us says that when they reached the village they found the girl— she had some abrasions here and there— and the two women who were lying on the cot. When pursued the villagers agreed to send them to hospital.

SHRI M. P. BHARGAVA : How did they come to that condition?

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA : I am coming to that. After this the three persons were sent to the hospital. The medical report was obtained- The medical report does not show any ostensible injury or marks of beating on the two women.

As far as the girl is concerned, I have already stated that she had some injuries on her person. It had been stated by the magistrate. He enquired into it and came to the conclusion that the girl sustained this injury. Because she was standing on the roof of the house when the police party approached she had a fall. I am not saying whether this report is correct or incorrect. But this is the report that I have received. That is what the hon'ble Member wanted to know.

MR. CHAIRMAN : Mr. Rajnarain, you want to say something?

श्री राजनारायण : हमारा ही तो सवाल है यह, श्रीमन् ।

मैं पुनः अपने कर्तव्य से च्युत होऊंगा यदि सर्वप्रथम इस घटना के बारे में आपकी इजाजत से सदन के सम्मानित सदस्यों को न बता दूं । मैं वहां हो आया हूं और मैं अफसोस के साथ कह रहा हूं, माननीय मंत्री जी से बार बार मैंने अनुनय विनय की मगर पता नहीं कि क्यों मंत्री जी वही अंग्रेजी साम्राज्यवादी रवैये पर चल रहे हैं, मैं अफसोस के साथ यह कहता हूं, मैं यह कहना नहीं चाहता लेकिन बाध्य हो कर कहना पड़ रहा है ।

श्रीमन्, देखा जाय । यह घटना 26 तारीख की है । यह छाता को जो थाना है उसमें दो दरोगा हैं, एक बड़का दरोगा और एक छुटका दरोगा और छुटके दरोगा का एक छुटका भाई है, वह कुछ जरा मनचला है, वह कस्बे की लड़कियों से छेड़खानी करता है, वहां कुम्हारों की एक बस्ती है । आप जानते हैं कि कुम्हारों के घर की औरतें बिना पर्दे के बाहर आती जाती हैं और अपना काम-धंधा करती है । तो कई बार वहां के गांव वालों ने खुद यह चीज दरोगा को बता दी कि तुम्हारा छोटा भाई आता है और वहां लड़कियों से छेड़खानी करता है । हो सकता है कि किसी से उसका नाजायज सम्बन्ध भी हो गया हो । तो 26 तारीख की रात को वह वहां पर जाता है । 26 जुलाई की रात में वह वहां गया । गांव वालों ने देखा कि कौन आया, कौन आया और उसको पकड़ लिया और पकड़ कर के उसको बन्द किया । फिर उसके बड़े भाई को पता चला तो उसके बड़े भाई ने सुबह किसी तरह छोटे भाई को छुड़ाया ; यह सही है कि दरोगा के छोटे भाई की गांव वालों ने कुछ मरम्मत कर दी थी और यह ठीक किया था, अच्छा किया । हम अगर होते तो छड़ बिल्कुल लाल कर के उसके चूतड़ में दाग देते ताकि उसको हमेशा याद रहे कि व्यभिचार करने और औरतों से छड़खानी करने का यह मजा मिलता है । तो अब दरोगा लाल हो गया क्योंकि यह भारत में पुराने जमाने का चला आ रहा है कि गरीबों के घरों की औरतें बड़े लोगों की विलासिता की साधन बनी हैं, अब भी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं कुछ ऐसा है, हमारे भार्गव जी जानते होंगे कि नई लड़कियां आती हैं जब गौने में तो पहले रईस के घर भेजी जाती हैं । यह जानते होंगे, जो यह तरीका है. . .

श्री डाह्याभाई व० पटेल : आप जानते हो ।

श्री राजनारायण : अरे भाई जानते हैं । तो वह जो दरोगा है वह दरोगा कैसे बर्दाश्त कर सकता है कि उसके छोटे भाई को कुम्हारा बस्ती के जवान रात में बन्द करें और उसको मारें । इसके बाद बड़े दरोगा, तमाम पुलिस के अधिकारी, तमाम पुलिस के जवानों को ले कर, खुद जा कर के दूसरे दिन वहां नंगा नाच करते हैं, खूब गांव लूटते हैं, घरों में घुस घुस कर औरतों को पीटते हैं और ऐसा पीटा कि कहीं कोई लड़की भाग रही है तो छत पर भी जा कर उनको पीटा है, एक तो गिर भी पड़ी है ।

इन तमाम घटनाओं की जानकारी संसोपा के सम्मानित सदस्य उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व विधायक श्री लखी सिंहजी ने कलेक्टर बहादुर को जा कर दी, वहां के पुलिस कप्तान बहादुर को जा कर बताया, तो कलेक्टर ने कहा कि हम एक मजिस्टीरियल इंक्वायरी करायेंगे । एस०डी०एम० को भेज दिया गया और उस एस०डी०एम० की रपट को हमारे घर मंत्री ने पढ़ कर बता दिया ।

मैं रात में 13 तारीख को वहां गया । छात कस्बा कुल मुश्किल से 13 या 14 हजार का है, मगर आप देखें कि 10 हजार के करीब पब्लिक एकदम मैदान में खड़ी बैठी रही और 11 बजे रात तक बैठी रही, वह हमको आने नहीं दे रही थी, कहती थी कि इस दरोगा को हटवा कर जाओ, यह क्या तुम लोग पार्लियामेंट के मेम्बर बने हो कि हमारे घर की औरतें छेड़ी जाय, हमारे साथ व्यभिचार हो, हमारे साथ बदसलूकी हो और तुम पार्लियामेंट के लोग लफ्फाड़ी मारो, मंत्रियों के बगल में बैठ कर चाय पानी करो, तुमको शर्म नहीं आती । मैंने उनसे कहा कि आप घबड़ाइये नहीं, हम जा रहे हैं, घर मंत्री से तुम्हारी शिकायत करेंगे । श्री लखी सिंह जी को हमने बुलाया और कहा कि देखो भूख हड़ताल मत करो, मगर लखी सिंह जी ने हमारी बात नहीं मानी । हमने उनको कहा कि हम किसी दूसरे को भूख हड़ताल करने की राय नहीं देते, जरूरत समझते हैं तो खुद बैठ जाते हैं, हमारे कहने से तोड़ दो और फिर अगर सरकार उचित कार्यवाही नहीं करेगी तो हमारी जिम्मेदारी हो जायगी कि हम खुद बैठें और इस काम को पूरा करें । खैर, वह मामला नहीं बना । हम आये, आ कर के घर मंत्री से कहा फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई । कल लखनऊ गये, होम सेक्रेटरी साहब से बातचीत की, होम सेक्रेटरी साहब से परसों जब लखनऊ में बात की तो कहा कि साहब मथुरा के बारे में आप क्या कर रहे हो तो उन्होंने कहा कि हां, हां, हम लोग सोच रहे हैं, कुछ करें । क्या कर रहे हो । जगत जाहिर है, दुनिया में रोशन है कि दरोगा का भाई बदचलन है, बदमाश है, लड़कियों के साथ बलात्कार करता है, उनको अपमानित करता है, व्यभिचार करता है । तो क्यों नहीं वह दरोगा बदल दिया जाय । सामान्य बात है, एकदम देर हो रही है । मगर मैं छाता की जनता और माननीय लखी सिंह को अपने और माननीय सदस्यों की ओर से मुबारकबाद देता हूं कि इतनी हिम्मत आ गई है कि ठस होकर आप चले जाइये । श्रीमन्, एक, बार आप वहां आ जाएं, 13,000 की जनता औरत मर्द आ जायेंगे । कोई मामूली घटना है । यह हो क्या रहा है । जल्दी जल्दी में मैं भूल गया, हां, एक बस वाला मिल गया, उसका बस जबर्दस्ती दरोगा ने छीन लिया । उसका नाम मैं भूल रहा हूं, उसने हमें लिख कर दिया है कि 13 तारीख को जबर्दस्ती हमारी बस दरोगा ने रोकी और हमारी बस पर कुछ लोगों को चढ़ाया और मथुरा शहर में लाया गया और जिलाधीश के सामने प्रदर्शन किया कि हमारा दरोगा भला है । तो ऐसा करके गुर्गे बनाये जा रहे हैं और पैसा बांटा जा रहा है और कहा जा रहा है कि दरोगा के पक्ष में बात कहो । दरोगा के पक्ष में भी कुछ लोग दूर दूर के आते हैं, छाता के तो नहीं आते, लेकिन आसपास के गांव के लोग आते हैं । मंत्री जी ने रिपोर्ट पढ़ी कि कोई काउन्टरफास्ट कर रहा है । श्रीमन्, जब मैं 13 तारीख को गया था तो वहां पांच आदमी दरोगा के सिपाही लोग पकड़ कर ले आए और

उनको बैठा कर कहा कि ये लखी सिंह की भूख हड़ताल के विरोध में भूख हड़ताल कर रहे हैं। हमने यह बात देखी है। उनमें से एक बेचारा सरक गया, क्योंकि जबर्दस्ती भूख हड़ताल नहीं कर सका था, वहां ये लोग घंटे चार घंटे बैठ जायें, फिर उनकी जगह एक सब्स्टीट्यूट बैठेगा। इससे बढ़कर के फरेब, इससे बढ़ कर के धोका, इससे बढ़कर के जालसाजी क्या हो सकती है, किसी राज में हो सकता है। उस राज को आप जनतंत्र कहोगे, समाजवाद कहोगे। मैं अदब के साथ कहना चाहता हूं कि आज मैं कोई बहुत पैसे वाला नहीं हूं मगर अपना भत्ता लूंगा और श्री शुक्ल जी को न्यौता देता हूं, हमारे साथ चलने में कोई अपमानित नहीं हो जायेंगे, हमारे साथ चले चलें, या अपनी कार्यालय से बनर्जी साहब को भेज दीजिए या किसी जिम्मेदार आदमी को भेज दीजिए और चल कर देखिये कि छाता में क्या हो रहा है। छाता कस्बे में श्रीमन्, आप संतुष्ट हो जाइयेगा कि उस दरोगा के भाई की बदचलनी क्या है और वहां किस तरह का अत्याचार कर रहा है। अगर वह दरोगा नहीं हटाया जाता तो वहां अनर्थ हो जायेगा, गुंडागर्दी होगी, अनेक प्रकार की बदमाशियां और ज्यादतियां होंगी। इसलिये मैं ज्यादा न कह कर अदब के साथ कहना चाहता हूं कि वहां की जनता की मांग पूरी की जाय, दरोगा का ट्रांसफर कोई बहुत बड़ी चीज नहीं है। हमने वहां के एस०पी० को भी कहा, हमने वहां होम सेक्रेटरी को भी कहा, हम राज्यपाल से नहीं मिल पाये वरना उनको भी कहते। उनको हमने बात कहला दी कि अगर आप छाता के मामले को मजबूती से टेक अप नहीं करते तो मामला उलट जायेगा।

यहां पर यह कहा जा सकता है शुक्ल जी की ओर से : कर क्या लोगे ? इतने दिनों तक हड़ताल हो गई तो क्या हो गया ? मगर 13 तारीख को वहां की जनता ने सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पास किया कि 14 तारीख को मुकम्मल हड़ताल रहेगी छाता में। तो इतनी जनप्रिय, इतनी साधारण मांग कि दरोगा का ट्रान्सफर किया जाय जिससे लखीसिंह का अनशन तोड़ा जा सकता है, तनाव दूर हो सकता है, उस छोटी सी मांग को सरकार क्यों नहीं पूरा कर पा रही है ?

श्री विद्या चरण शुक्ल : सभापति महोदय, जो हादसा हुआ उसके बारे में मैंने पहले ही कहा है और माननीय सदस्य ने खुद उस हादसे की इन्फारमेशन दी, तो जहां तक दरोगा के तबादले का सवाल है, यह मांग श्रीमन्, लखीसिंह आज से नहीं कर रहे बल्कि उसके लिये फास्ट कर रहे हैं और उन्होंने इस बात की मांग की है कि दरोगा का तबादला होना चाहिये। तो इस बात को सामने लाकर माननीय सदस्य ने भी उस दरोगा के तबादले की बात की। जैसा कि माननीय सदस्य ने स्वयं कहा, वहां गांव के पांच और व्यक्ति लखीसिंह के उपवास के विरोध में एक उपवास कर रहे हैं . . .

श्री राजनारायण : वही पांच व्यक्ति लगातार फास्ट पर हैं या बदलते जा रहे हैं ?

श्री विद्या चरण शुक्ल : तो पांच व्यक्ति, दूसरे राजनैतिक दल वाले, उनके खिलाफ फास्ट कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि कुछ राजनैतिक दल के लोग इधर हैं, दूसरे राजनैतिक दल के लोग उधर हो। तो एक राजनैतिक दल के लोग उस दरोगा के खिलाफ भूख हड़ताल कर रहे हैं और पांच व्यक्ति उस दरोगा के पक्ष में तो नहीं हैं पर उस भूख हड़ताल के खिलाफ भूख हड़ताल कर रहे हैं और छाता गांव में पिछली मई से आज तक तरह तरह के राजनैतिक आंदोलन, कई तरह की कार्यवाहियां की गईं, एक दल विशेष ने उस दरोगा को वहां से ट्रांसफर कराने के लिये हर तरह से कोशिश की। इसके बारे में माननीय सदस्य ने स्वयं कहा। मैं इसके बारे में नहीं कहता कि किसका कहना ठीक है किसका कहना ठीक नहीं है। पर जब यह बात सामने आई तब मजिस्टीरियल इन्क्वायरी की गई और उस मजिस्टीरियल इन्क्वायरी की रिपोर्ट

PAPER LAID ON THE TABLE

THE COTTON TEXTILES (CONTROL) SECOND AMENDMENT ORDER, 1968

दो तीन दिन में आ जायेगी । मैं अभी भी नहीं कह सकता कि जो आप कह रहे हैं वह ठीक है या जो रिपोर्ट आई है वह ठीक है, लेकिन जब मजिस्टीरियल इन्क्वायरी की रिपोर्ट आ जायेगी तब उसके बाद सही बात का पता लग सकेगा ।

श्री राजनारायण : श्रीमन्, एक सवाल हमारा है । मैं आपके जरिये माननीय गृह मंत्री से जानना चाहता हूं कि क्या जो पांच आदमी बैठते हैं वह जो 13 तारीख से हड़ताल पर बैठे हुए थे वही हैं और कै कै घंटे अनशन में बैठते हैं ? क्या वही अनशनकारी हैं या शकल बदल बदल कर वह आ रहे हैं ?

श्री विद्या चरण शुक्ल : यह मुझे नहीं मालूम ।

श्री राजनारायण : श्रीमन्, मैं एक सफायी करना चाहता हूं । बहुत ही गुमराह करने का वक्तव्य माननीय मंत्री जी ने दिया है । कोई राजनैतिक पार्टियों का गुट इस में नहीं है । वहां सीधा सवाल है : पुलिस का जुल्म, पुलिस के जरिये किया गया व्यभिचार, औरतों का अपमान, औरतों की लज्जा का हरण । लखी सिंह एक शानदार मर्द आदमी हैं, यह सही है वह हमारी पार्टी के सदस्य हैं । देखिये, विरोध में कौन प्रचार कर रहे हैं (1) पूरन सिंह—कांग्रस ब्लाक अध्यक्ष, (2) मूलचन्द्र आई—अध्यक्ष युवक कांग्रेस चोमा, (3) रामरक्ष पाल सिंह—प्रा० कां० कमेटी । (4) ईश्वरीसिंह तरौली, (5) रामनारायणसिंह-उपाध्यक्ष, (6) गंगासिंह, भूतपूर्व प्रमुख, (7) देवीराम । यह सब कांग्रेसी चपरगट्टू हैं जो दरोगा साहब से मिलकर पैसा बनाते हैं, तमाम काम करते हैं । हम खाली कांग्रेस पार्टी के लिय नहीं कहते हैं, स्थानीय जो कांग्रेस के चपरगट्टू हैं उनके लिये कहते हैं ।

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI MOHD. SHAFI OURESHI): Sir, I beg to lay on the Table, under sub-section (6) of section of 3 of the Essential Commodities Act, 1955, a copy of the Ministry of Commerce Notification S. O. No. 2463 (in English), dated the 2nd July, 1968, publishing the Cotton Textiles (Contiol) Second Amendment Order, 1968. [Placed in Library *See* No. LT-1742/68.]

PRESENTATION OF THE FIFTHREPORT OF THE COMMITTEE ON SUBORDINATE LEGISLATION

श्री ब्रजकिशोर प्रसाद सिंह (बिहार) : मैं अधीनस्थ विधान समिति का पांचवा प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं ।

MOTION *RE*- APPOINTMENT OF A MEMBER OF RAJYA SABHA TO THE JOINT COMMITTEE OF THE HOUSES ON THE LOKPAL AND LOKAYUKTAS BILL, 1968

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI K. S. RAMASWAMY): Sir, I beg to move the following Motion :—

"That this House concurs in the recommendation of the Lok Sabha that the Rajya Sabha do appoint a member of the Rajya Sabha to the Joint Committee of the Houses on the Bill to make provision for the appointment and functions of certain authorities for the investigatoins of administrative action taken by or on behalf of the Government or certain public authorities in certain cases and for matters connected therewith, in the vacancy caused by the death of Shri Harish Chandra Mathur, and resolves that Shri Ram Niwas Mirdha, Member of the Rajya Sabha, be appointed to the said Joint Committee."

The question was put and the motion was adopted.

RESULT OF ELECTION TO THE COMMITTEE ON PUBLIC ACCOUNTS

MR. CHAIRMAN : Shri G. H. Valimohmed Momin being the only candidate nominated for election to the Committee on Public Accounts, he is declared duly elected to be a member of the said Committee.